प्रो. रवि प्रकाश पाण्डेय
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण संकाय
मो. नं. : 09415304344
e-mail: ravisociology@rediffmail.com

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,
वाराणसी–221002, उ0प्र0

पत्रांक – छा.क.सं./159 /2018 दिनांक – 18/12/2018

24 DEC 2018

सेवा में,

माननीय कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**विषयः युवा महोत्सव 2018–19 में भागीदारी हेतु टीम भेजने के संदर्भ में।**

आदरणीय महोदय,

उ.प्र. शासन द्वारा प्रायोजित तथा छात्र कल्याण संकाय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश अन्तर्विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2018–19 आगामी दिनांक 19 जनवरी, 2019 (दिन–शनिवार) को आहूत है। विवरणिका तथा पंजीकरण फॉर्म आपके अवलोकनार्थ संलग्न प्रेषित है। पंजीकरण फॉर्म की छायाप्रति कराकर प्रत्येक प्रतिभागी से भरवाया जाना है।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mgkvp.ac.in पर भी विवरणिका एवं पंजीकरण फॉर्म उपलब्ध है। इससे डाउनलोड करके पंजीकरण फॉर्म प्रत्येक प्रतिभागी से भरवाकर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित किया जाना है।

आपसे सादर अनुरोध है कि कृपया आप अपने विश्वविद्यालय/संबद्ध महाविद्यालय के सक्षम अधिकारी को यह विवरणिका एवं पंजीकरण फॉर्म इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराने की कृपा करें कि इच्छूक छात्र/छात्राएं किसी एक इवेंट में भागीदारी करने हेतु अपना पंजीकरण फॉर्म भर दें। इसमें आप द्वारा नामित एक टीम मैनेजर (अध्यापक) का भी विवरण उपलब्ध होगा। समस्त पूरित पंजीकरण फॉर्म एक साथ दिनांक 07.01.2019 तक अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करने का कष्ट करें।

यह भी अनुरोध है कि दिनांक 19.01.2019 को पूर्वाह्न 9 बजे महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी परिसर स्थित गांधी अध्ययनपीठ के सभागार में टीम मैनेजर अपने टीम के सदस्यों के साथ रिपोर्टिंग करने का कष्ट करें।

भवदीय

(रवि प्रकाश पाण्डेय)
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण संकाय

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

DRB-1087
GA-825 27/12/18
DR GA
24/12
05(GA)
27/12
DR(GA)

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी
# (MAHATMA GANDHI KASHI VIDYAPITH, VARANASI)

**युवा महोत्सव, 2018–19 (YUVA MAHOTSAW, 2018-19)**

**उ.प्र. अन्तर्विश्वविद्यालय युवा महोत्सव (U.P. INTER UNIVERSITY YOUTH FESTIVAL)**

## 19 जनवरी, 2019 (दिन–शनिवार)

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित
**(Sponsored by Government of Uttar Pradesh)**

संरक्षक : **प्रो. टी.एन. सिंह, कुलपति (Patron : Prof. T.N. Singh, Vice-Chancellor)**

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी **(Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi)**

कार्यक्रम संयोजक : **प्रो. रवि प्रकाश पाण्डेय,** संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण संकाय

(Convener : **Prof. Ravi Prakash Pandey,** Dean, Student Welfare Faculty)

कुलसचिव : डॉ. साहब लाल मौर्या (Registrar : **Dr. S.L. Maurya)**

वित्त अधिकारी : **श्री आनन्द प्रकाश राय** (Finance Officer : **Sri Anand Prakash Rai)**

# उत्तर प्रदेश अन्तर्विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2018–19

**मुख्य कार्यक्रम** : युवा महोत्सव 2018–19 के अन्तर्गत आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रमों का विवरण अधोलिखित है :

## (क) ऑन स्टेज कार्यक्रम

1. **समूह गायन** : प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम तीन प्रविष्टियां अनुमन्य होगी। एक टीम में अधिकतम चार सदस्य होंगे, गायन के साथ उपयोगी वाद्ययंत्र तथा संगतकर्ता स्वयं लाने होंगे।
2. **एकल गायन** : प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम तीन प्रविष्टियां अनुमन्य होगी। एक टीम में एक ही सदस्य होगा, गायन के साथ उपयोगी वाद्ययंत्र तथा संगतकर्ता स्वयं लाने होंगे।
3. **समूहिक नृत्य** : प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम तीन प्रविष्टियां अनुमन्य होगी। एक टीम में अधिकतम 6 सदस्य होंगे, नृत्य के साथ पेन ड्राइव अथवा सीडी अथवा मोबाइल के माध्यम से गाना चलाये जाने की अनुमति होगी जो टीम स्वयं लेकर आयेगी।
4. **एकल नृत्य** : प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम तीन प्रविष्टियां अनुमन्य होगी। एक टीम में एक ही सदस्य होगा, नृत्य के साथ पेन ड्राइव अथवा सीडी अथवा मोबाइल के माध्यम से गाना चलाये जाने की अनुमति होगी जो टीम स्वयं लेकर आयेगी।
5. **वाद–विवाद** : वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय है "भारत में राष्ट्र–निर्माण : चुनौतियां एवं समाधान"। प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से मात्र दो प्रविष्टियां पक्ष अथवा विपक्ष के रूप में अनुमन्य होंगी। अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए चार मिनट का समय एवं प्रति प्रश्न हेतु एक मौका दो मिनट की समय सीमा में एवं उत्तर देने के लिए एक मौका समय सीमा दो मिनट का होगा।
6. **आशु भाषण** : आशु भाषण प्रतियोगिता के विषय हैं 'प्रकृति के संसाधनों का दोहन', 'पृथ्वी दिवस', 'समानता का अधिकार : आदर्श एवं वास्तविकता', 'साईबर क्राईम', 'भारतीय सेना'। प्रत्येक विश्वविद्यालय से अधिकतम दो प्रविष्टियां अनुमन्य होंगी। निर्धारित विषयों पर 4+1 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा।
7. **काव्य पाठ** : प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम दो प्रविष्टियां अनुमन्य होगी। एक टीम एक ही सदस्य होगा, स्वरचित प्रतिनिधि कविता का पाठ को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक कविता के लिए समय सीमा 3+1 मिनट की होगी।

## (ख) ऑफ स्टेज कार्यक्रम

1. **रंगोली :** रंगोली प्रतियोगिता में प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम तीन टीमों की प्रविष्टियां अनुमन्य होगी। प्रत्येक प्रविष्टि में अधिकतम दो प्रतिभागी भाग ले सकते हैं अर्थात एक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम 6 छात्र भाग ले सकते है। समय सीमा–1 घंटा, एक फीट की त्रिज्या (रेडियस) की रंगोली बनानी होगी इससे छोटी या बड़ी रंगोली डिसक्वालिफाई मानी जायेगी। सामग्री स्वयं लानी होगी।

2. **पोस्टर :** पोस्टर प्रतियोगिता के विषय हैं – योग, खेल, शिक्षा, नारी सशक्तीकरण, राष्ट्र निर्माण, भारतीय संस्कृति और संस्कार। प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम तीन टीमों की प्रविष्टि अनुमन्य होगी। एक टीम में एक ही सदस्य होगा, पोस्टर निर्धारित विषयों पर स्टैंडर्ड चार्ट पेपर पर बनाना होगा। समय सीमा–1 घंटा, सामग्री स्वयं लानी होगी।

3. **कोलाज :** कोलाज प्रतियोगिता के विषय हैं – स्वच्छता अभियान, डिजिटल इंडिया, प्रवासी भारतीय, उज्जवला योजना, चिकित्सा सेवा, नदियां, भ्रष्टाचार उन्मूलन। प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम तीन टीमों की प्रविष्टि अनुमन्य होगी। एक टीम में दो सदस्य होंगे, कोलाज निर्धारित विषयों पर स्टैंडर्ड चार्ट पेपर पर बनाना होगा। समय सीमा–1 घंटा, सामग्री स्वयं लानी होगी।

4. **पेंटिंग :** प्रतियोगिता में प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम तीन प्रविष्टियां अनुमन्य होगी। एक टीम में एक ही सदस्य होगा। पेंटिंग स्टैंडर्ड चार्ट पेपर पर बनाना होगा। समय सीमा–1 घंटा, सामग्री स्वयं लानी होगी।

5. **मेंहदी :** मेंहदी प्रतियोगिता में प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से अधिकतम तीन प्रविष्टियां अनुमन्य होंगी और एक टीम में एक सदस्य ही होगा। समय सीमा–1 घंटा, मेंहदी हथेली से कुहनी तक आगे पीछे दुल्हन के श्रृंगान (ब्राइडल मेंहदी) की होनी चाहिए। मेंहदी स्वयं के हाथ में अथवा किसी सहयोगी के हाथ में लगायी जा सकती है। सामग्री स्वयं लानी होगी।

6. **निबंध :** निबंध के विषय हैं – 'तीन तलाक का औचित्य', 'वैश्वीकरण का भारतीय समाज पर प्रभाव', 'मीडिया द्वारा परोसी जा रही फेकन्यूज (झूठी खबरें)', ' भारत में लोकतंत्र', 'धारणीय विकास (सस्टनेबल डेवलपमेंट)'। प्रतियोगिता में प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम दो प्रविष्टियां अनुमन्य होंगी। शब्द सीमा 500 एवं समय सीमा–1 घंटा होगा। निबन्ध लिखने के लिए कागज प्रदान किये जायेंगे। कलम, स्केच पेन आदि स्वयं लानी होगी।

7. **मार्शल आर्ट्स :** एक्यूडो अथवा अन्य मार्शल आर्ट मात्र छात्राओं के लिए।

# युवा महोत्सव 2018–19 : नियम एवं सूचनाएं

**कार्यक्रम :** उत्तर प्रदेश-अन्तर्विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2018–19

ऑन और ऑफ स्टेज कार्यक्रम शीर्षक के अन्तर्गत वर्णित क्रमशः सात–सात इवेंट के समानान्तर सत्र दिनांक 19.01.2019 को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक सम्पन्न होंगे। इसी दिन 2 बजे से 3 बजे लंच होगा। तदोपरान्त 3 से 5 बजे तक समापन सत्र सम्पन्न होगा जिसमें पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किये जायेंगे।

**कार्यक्रम दिनांक :** 19 जनवरी 2019 को युवा महोत्सव आयोजित होगा।

**आयोजक :** छात्र कल्याण संकाय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी।

**आयोजन स्थल :** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी।

**प्रतिभागी :** उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों तथा अन्य विश्वविद्यालयों की टीमें इसमें प्रतिभागी होंगी। विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा एक टीम प्रबन्धक के नेतृत्व में छात्र / छात्राओं की टीम म. गां. काशी विद्यापीठ भेजा जायेगा।

**पंजीकरण तिथि :** दिनांक 15.12.2018 से प्रारम्भ है। 17.01.2019 तक चलेगा।

**पंजीकरण प्रक्रिया :** प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय अपने प्रतिभागी छात्र–छात्राओं तथा टीम मैनेजर का पृथक–पृथक पंजीकरण फार्म भरवाकर कार्यक्रम संयोजक के पते पर डाक द्वारा प्रेशित करने का कष्ट करें। अथवा इसकी सूचना ईमेल अथवा वाट्सएप्प पर भेजने का कष्ट करें। पता, ईमेल आई.डी. एवं वाट्सएप्प नम्बर नीचे लिखा हुआ है।

**पंजीकरण शुल्क :** निःशुल्क। किसी भी विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय अथवा प्रतिभागी को किसी भी तरह का कोई शुल्क जमा नहीं करना है।

**पंजीकरण फॉर्म :** पंजीकरण फॉर्म में उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर ही प्रतिभागियों का प्रतिभागिता का प्रमाण–पत्र निर्मित किया जायेगा। अतः पंजीकरण फॉर्म संलग्न प्रेषित है। इसकी छायाप्रति कराकर प्रत्येक प्रतिभागी से भरवा कर आयोजक को अवश्य भेजने का कष्ट करें। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की वेबसाइट पर भी इस विवरणिका के साथ पंजीकरण फॉर्म उपलब्ध है जिसे डाउनलोड करके उपयोग में लाया जा सकता है।

**पुरस्कार :** विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप मेडेल प्रदान किये जायेंगे।

**प्रमाण–पत्र :** प्रत्येक प्रतिभागी को भागीदारी का प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा।

**चाय एवं लंच :** दिनांक 19–1–2019 (युवा महोत्सव के दिन) को प्रातः की चाय एवं दोपहर का लंच एवं शाम की चाय आयोजक द्वारा समस्त प्रतिभागियों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

**यात्रा–भत्ता :** आयोजक द्वारा किसी को यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

---


कार्यक्रम संयोजक का पता, ईमेल, मोबाइल एवं वाट्सएप्प :

**प्रो. रवि प्रकाश पाण्डेय, संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण संकाय,**

**महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी–221002, उ.प्र.**

ईमेल – **mgkvpyouthfestival2019@gmail.com**

मोबाइल – **09415304344**

वाट्सएप्प – **97953 90226**


---

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की वेब साइट : **www.mgkvp.ac.in**

GA-825

# MAHATMA GANDHI KASHI VIDYAPITH, VARANASI

## U.P. INTER UNIVERSITY YOUTH FESTIVAL

## YUVA MAHOTSAW, 2018-19

## 19 January, 2019(SATURDAY)

---

### REGISTRATION FORM

1. Name of the University:________________________
2. Postal Address of the University : ________________________
3. Name of the Team Manager:________________________
4. Mobile No. of the Team Manager: ________________________
5. Name of Participant: ________________________
6. **Class & Year/Semester** of the participant: ________________________
7. **Name of the Event:** ________________________
8. **Phone/Mobile No. of Participant :**________________________
9. E-mail of the Participant: ________________________

Signature of the Team Manager

Signature of the Participant

---

**For queries please contact:**

1. University Website : www: mgkvp.ac.in
2. Prof. Ravi Prakash Pandey, Dean, Faculty of Student Welfare, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi, Email: ravisociology@rediffmail.com, Mob.: 9415304344 Watsup No. 07905946251
3. Dr. S.L. Maurya, Registrar, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi, Mob.: 9415291923